24 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 12/24/2025 9:49 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 धान कटाई के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सुआ-शैला नृत्य की धूम



## खबर संक्षेप

### दवा खरीदी के मामले में दिए जांच के निर्देश

**अंबिकापुर।** सीएचसी नवापारा में दवा खरीदी के मामले में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने जांच के निर्देश दिए है। जेडी डॉ. शुक्ला बताया कि सीएचसी में वर्ष 2024-25 में दवा क्रय के नाम पर करोड़ो रुपए की गडबडी की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद 1 दिसम्बर को पत्र प्रेषित कर सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए गए थे लेकिन निर्देश के बाद भी अब तक जांच नहीं की गई। उन्होंने एक बार फिर से सीएमएचओ को पत्र लिखकर मामले की जांच के निर्देश दिए है।

### प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.30 बजे से होगी टीएल की बैठक

**अंबिकापुर।** जिले में सप्ताह में मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने सर्व कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर समय सीमा की बैठक में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा है। उन्होंने निर्देश जारी कर कहा है कि यदि कोई अधिकारी शासकीय कार्य या अन्य कारणों से बैठक में अनुपस्थित रहता है तो बैठक से 1 दिवस पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त करनी होगी। अपनी अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में विभाग के ऐसे अधिकारी को बैठक में भेजा जाए, जिसे विभागीय कार्यों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। आदेशानुसार समस्त तहसीलदार एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रथम एवं तृतीय सोमवार में आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वितीय एवं चतुर्थ सोमवार में आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर जनदर्शन अब मंगलवार को सुबह 11 बजे से

**अंबिकापुर।** जिले में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनदर्शन कार्यक्रम में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आमजनों-ग्रामीणों को किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो, इसके लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को उक्त व्यवस्था का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही पर सचिव निलंबित रोजगार सहायक पद से पृथक

**अंबिकापुर।** आवास निर्माण के दौरान जियो टैगिंग कार्य में अनियमितता पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 26 जून को मैनपाट के ग्राम पंचायत पेंट का अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक मनरेगा ने निरीक्षण किया था। इस दौरान पीएम जनमन के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में अनियमितता सामने आई थी। ऐसे में ग्राम पंचायत पेंट के सचिव पन्नालाल गुप्ता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था लेकिन सचिव ने कोई जवाब नहीं दिया। सचिव का यह कृत्य उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना एवं कार्य दायित्वों का निर्वहन लापरवाही पूर्वक किया जाना अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। ऐसे में जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत पेंट के सचिव पन्नालाल गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जनपद पंचायत मैनपाट के ग्राम पंचायत राजपुर के सचिव मधिम राम को ग्राम पंचायत पेंट का अतिरिक्त प्रभार अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी प्रकार सीईओ श्री अग्रवाल द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाले मनरेगा अंतर्गत 4 रोजगार सहायकों में से 2 रोजगार सहायकों को पद से पृथक करने तथा 2 रोजगार सहायकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई ही।

## एक पहर ही बंद रही दुकानें

# सर्व समाज के छत्तीसगढ़ बंद का सरगुजा में दिखा मिला जुला असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ धरना प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

सर्व समाज द्वारा बुलाए गए छत्तीसगढ़ बंद का सरगुजा में मिला जुला असर देखने को मिला। शहर में प्रमुख व्यावसायिक मार्गों में दुकानें दोपहर तक बंद रही। इस दौरान सर्व समाज द्वारा शहर में रैली निकालकर नारेबाजी करने के साथ ही दुकान बंद करने का आह्वान किया गया। रैली के साथ ही सर्व समाज ने धरना प्रदर्शन करने के बाद धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाने सहित अन्य विषयों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि कांकेर हिंसा व कथित धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज द्वारा छत्तिसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था। बुधवार को इस बंद को व्यापारी वर्ग का समर्थन मिला। बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही हिंदूवादी संगठनों से लोग सड़कों पर नजर आए और रैली निकालकर लोगों से दुकान बंद करने का आह्वान किया। इस दौरान शहर के प्रमुख व्यवायिक मार्ग गांधी चौक से घड़ी चौक, देवीगंज रोड, सदर रोड, ब्रम्ह रोड सहित अन्य मार्गों का भ्रमण कर दुकानों को बंद कराया। हालांकि बंद का असर मुख्य मार्गों तक ही सीमित रहा और मोहल्लों की दुकानें खुली रही। इस दौरान संगठन के लोग दोपहर तक घूम घूमकर दुकान बंद कराते रहे। हालांकि दोपहर के बाद बंद का असर समाप्त हो गया और खुल गई। क्रिसमस के ठीक एक दिन पहले इस बंद के कारण मसीही समाज के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उनकी तैयारियां प्रभावित हुई जबकि व्यवसायियों को भी नुकसान हुआ। नगर बंद के साथ ही सर्व समाज द्वारा गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान उन्होंने धर्मांतरण को लेकर जमकर हमला बोला।

जनसभा में वक्ताओं ने धर्मांतरण पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे हिंदू समाज पर खतरा बढ़ रहा है। जनसभा के बाद रैली निकाली गई। रैली में महापौर, जिला पंचायत सदस्यों सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं नेता तथा अन्य हिंदुवादी नेता शामिल हुए। सर्व समाज ने कलेक्टोरेट पहुंच मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अंबिकापुर को ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज ने प्रदेश में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को शीघ्र व कड़ाई से लागू करने की मांग की है। कांकेर में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के जिम्मेदार भीम आर्मी के सदस्यों व कन्वर्टेड ईसाई समूह के लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।




प्रदर्शन करते सर्व समाज के लोग।

**सर्वधर्म एकता मंच ने मांगी सुरक्षा:** क्रिसमस के एक दिन पहले नगर बंद और आन्दोलन के बाद मसीही समाज ने सुरक्षा की मांग की है। बुधवार को सर्व धर्म एकता मंच ने फादर विलियम उरें, आदिवासी नेता भानु प्रताप सिंह, कलीम अंसारी सहित अन्य आईजी को ज्ञापन सौंपा। मंच का कहना है कि सर्व समाज व चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा ईसाईयों के खिलाफ राज्य बंद किया गया। 25 दिसम्बर को मसीही समाज प्रभु ईसा का जन्मदिवस मनाते है और धार्मिक कार्यक्रम 24 दिसम्बर की शाम से शुरू होकर 25 दिसम्बर की शाम तक चलता है। ऐसे में मंच ने सभी चर्च और इसाई संस्थाओं को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है ताकि लोग अपना त्यौहार निर्भीक होकर शांतिपूर्वक मना सके।



# कलेक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मरीजों से संवाद कर व्यवस्था एवं सुविधाओं पर लिया फ़ीडबैक

बुधवार को सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही मरीजों से सीधे संवाद कर मिलने वाली सुविधाओं पर फीडबैक लिया। कलेक्टर ने ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, पुरुष एवं महिला वार्ड, लेबर कक्ष, एसएनसीयू, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, पंजीयन काउंटर, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा चिकित्सकीय स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों ने अस्पताल में दी जा रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सालय अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि उपचार, दवा वितरण एवं अन्य सेवाएं बिना किसी व्यवधान के निरंतर संचालित हों। कलेक्टर श्री वसंत ने पोषण पुनर्वास केंद्रों में गम्भीर कुपोषित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों की सुविधा, सुरक्षा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी विभागों में आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए। वहीं प्रबंधन ने अस्पताल में सीपेज की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया जिसपर कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छठी कार्यक्रम में जा रहे लोगों का रास्ता रोककर की मारपीट व लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

■ सनावल पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

रास्ता रोककर मारपीट व लूटपाट के मामले में सनावल पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर को रंजू सिंह, सुभम सिंह, सुरज सिंह, रोशनी सिंह, श्यामदेव सिंह, गौरीशंकर सिंह चार पहिया वाहन से ड्राईवर के साथ ग्राम त्रिसुली निवासी सत्यनारायण सिंह के घर छठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

इसी दौरान ग्राम मदरू टोला के समीप कृष्णा यादव, रवि यादव, पवन यादव, दिनेश यादव व एक अन्य ने बाइक से उनका रास्ता रोकने का प्रयास किया और जब चालक ने वाहन नहीं रोका तो आरोपियों ने उनका पीछा करते हुए जबरन वाहन को रुकवाया और चालक के साथ गाली गलौज और मारपीट की। जब परिवार के सदस्यों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई और रंजू सिंह के सोने के चैन को खींच लिया। वहीं परिवार की युवती के साथ छेड़खानी का प्रयास किया गया। इस दौरान प्रार्थी गौरीशंकर ने अपने साथी नीरज सिंह को फोनकर घटना कि जाकारी दी तो कार क्रमांक जेएच 01 ईजे 8492 से अपने साथी उज्जवल के साथ घटना स्थल के लिए निकला तो रस्ते में रोककर उन्होंने नीरज व उज्जवल के साथ भी मारपीट की व वाहन में तोड़फोड़ की।

वहीं बचाव करने पहुंचे अशोक सिंह, सूर्यप्रताप सिंह से भी उन्होंने लाठी डंडे व हथियार से मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त सनावल त्रिशूली निवासी कृष्णा यादव आ. दयाशंकर यादव, रवि यादव आ. जयलाल यादव, डूमरपान निवासी दिनेश यादव आ. अशर्फी यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया व मारपीट के दौरान सोने की चैन गिरने की बात कही।

पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 256, 351(2), 115(2), 324(5), 126(2), 75, 304(2), 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में सनावल थाना प्रभारी बृजलाल भारद्वाज, सउनि कपिल साय, प्रधान आरक्षक राजेश तिर्की, आरक्षक अमरित सोनवानी, प्रमेलाल कुजूर सक्रिय रहे।



# फर्जी पास से लकड़ी की तस्करी, वनकर्मियों ने किया सेमल लट्ठा लोड ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तस्कर फर्जी परिवहन पास के दम पर कीमती लकड़ियों का पड़ोसी राज्यों में तस्करी कर रहे हैं। वन अधिकारियों ने फर्जी टीपी पर सेमल लट्ठा परिवहन करने एक ट्रक को जब्त किया है।

रामानुजगंज अंतर्गत चोरपहरी बैरियर परवन परिक्षेत्राधिकारी निखिल सक्सेना सहित क्षेत्र के अन्य वनकर्मी वाहनों की जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान सेमल लट्ठा लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5484 का चालक पहुंचा तो वनकर्मियों भौतिक सत्यापन के लिए विभाग द्वारा जारी टीपी की मांग कर ग्राम चैनपुर चलामू निवासी चालक मनोज भूईहर आ. मुनीब भूईहर (41 वर्ष) द्वारा प्रस्तुत टीपी की आनलाइन एनटीपीएस में जांच की गई तो टीपी का नम्बर अलग मिला।

फजीर् टीपी के आधार पर सेमल लट्ठा परिवहन करते पाए जाने पर अवैध लकड़ी लोड ट्रक की जब्ती की कार्रवाई की गई। मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33, 52 छत्तीसगढ़ वनोपज एवं व्यापार अधिनियम 1969 की धारा-5 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज अभिवन नियम 2001 की धारा 41 की कार्रवाई की गई है। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।



# नशे की हालत में युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भिट्ठी खुर्द निवासी बृजपाल आ. सुखदेव (23 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 7 दिसंबर को नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया और घर के पास आग तापने के दौरान उल्टी करने लगा। पिता ने उल्टी करते तथा पास की कीटनाशक का डिब्बा देख घटना की जानकारी परिजन को दी। युवक के कीटनाशक पी लेने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 23 दिसंबर की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# 64 लाख का राशन गबन मामले में संचालक समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय उचित मूल्य दुकान में 64 लाख रुपए का गबन करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपराध दर्ज होने के बाद लम्बे समय से फरार चल रहे थे और मंगलवार की शाम उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

बता दें कि घुटरापारा स्थित जनकल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति के माध्यम से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 391001071, 391001029 एवं 391001054 के संचालक व सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर शासकीय राशन का गबन किया गया था। इस मामले की शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग दवरा मामले की जांच कराई गई और जांच के बाद 7 अक्टूबर को मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। इस जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों ने माह सितम्बर 2022 एवं 31 मार्च 2024 के बीच चावल 1631.29 क्विंटल राशि 61,62,267.96 रुपए, शक्कर 10.43 क्विंटल राशि 49,160.62 रुपए तथा चना 48.34 क्विंटल राशि 2,92,692.09 रुपए कुल खाद्यान्न राशि 64 लाख 94 हजार 120 रुपए का गबन किया गया। इस मामले में तीनो दुकानों के संचालक अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा, सहायक विक्रेता फरहान सिद्दीकी एवं सैफ अली द्वारा शासन द्वारा आम जनता को वितरण किए जाने वाले चावल, शक्कर एवं चना का गबन किया गया। इस मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 420, 409, 120 व इसी एक्ट 1955 की धारा 3/7 के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में सुनीता पैकरा, मुकेश यादव, फरहान सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था जबकि अब पुलिस ने मामले में घुटरापारा निवासी 44 वर्षीय पवन सिंह आ. स्व. दीपनारायण सिंह व सैफ अली आ. इरशाद अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## अतिशेष हुए शिक्षक ने की पीएमओ से शिकायत, दिए गए जांच के निर्देश

# नियमित व्याख्याता के होते हुए कर दी गई अतिथि शिक्षक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के शासकीय उमावि रामनगर में अतिथि शिक्षक को नियम विरूद्ध तरीके से भर्ती कर नियमित व्याख्याता को अतिशेष करने का मामला सामने आया है। शिक्षक ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में अब शिक्षक ने मामले की शिकायत प्रधानमंत्री से करने के साथ जांच व कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद पीएमओ ने भी मामले की जांच के निर्देश दिए है।

शिकायतकर्ता पिंकू शर्मा ने बताया कि वे सूरजपुर जिले के रामनगर शासकीय उमावि में अंग्रेजी विषय से व्याख्याता के पद पर 14 अक्टूबर 2022 से नियमित रूप से कार्यरत थे। इसके बाद भी विद्यालय की प्राचार्य द्वारा 20 दिसंबर 2024 को एक महिला शिक्षक को अतिथि शिक्षक के रूप में स्वयं के स्तर पर नियुक्त कर लिया जबकि स्कूल में कोई रिक्त पद नहीं था। यह कृत्य पद के दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत गंभीर अपराध है। उन्होंने बताया कि अतिथि शिक्षक की भर्ती के लिए रिक्त पद होना अनिवार्य है और इसके लिए बाकायदा डीईओ द्वारा विज्ञापन जारी किया जाता है, पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन लिए जाते है और पात्र अपात्र की सूची जारी की जाती है लेकिन भर्ती में किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। इतना ही नहीं छग शासन द्वारा 28 अगस्त 2023 से पूरे राज्य में अतिथि शिक्षक भर्ती पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है इसके बाद भी नियुक्ति आदेश जारी कर शासन के आदेशों की अवहेलना की गई। नियुक्ति के बाद संबंधित महिला को 87 हजार 742 रुपए का भुगतान शासकीय बालक उमावि बिश्रामपुर डीडीओ के माध्यम से कराया गया। डीईओ सूरजपुर ने भी उक्त भर्ती को सही मानते हुए संबंधित महिला को जिले की अतिथि शिक्षकों की सूची में सम्मिलित कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त नियुक्ति के बाद नियमित व्याख्याता पिंकू शर्मा को अतिशेष घोषित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि जब इस गड़बड़ी को उजागर किया गया तो अतिथि शिक्षक को हटाने का प्रस्ताव पास कर दिया गया। अधिकारियों की लापरवाही से वर्तमान में स्कूल में बच्चों के अंग्रेजी विषय की पढाई प्रभावित हो गई है। शिक्षक का आरोप है कि जब उन्होंने इस मामले की जानकारी स्कूल के प्राचार्य, बीईओ-डीईओ सूरजपुर, कलेक्टर, संयुक्त संचालक शिक्षा सभी को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में उन्होंने मामले की शिकायत पीएमओ से की है। अब इस मामले में पीएमओ ने भी जांच के निर्देश दिए है जिसके बाद संयुक्त संचालक शिक्षा के निर्देश पर डीईओ सूरजपुर मामले की जांच कर रहे है।

### चल रही है जांच

युक्तियुक्तकरण के तहत व्याख्याता का स्थानांतरण हुआ था। उन्होंने जिला स्तरीय व संभाग स्तरीय समिति में अपना आवेदन दिया था लेकिन अभ्यावेदन अमान्य हो गया। स्कूल में अंग्रेजी का सिर्फ एक ही पद स्वीकृत है। अतिथि शिक्षक को नहीं हटाना था इसलिए वे अतिशेष हो गए। इस मामले की जांच डीईओ सूरजपुर कर रहे है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-संजय गुप्ता, संयुक्त संचालक शिक्षा

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 5 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत चंदननगर में हुआ हिन्दू समागम सम्मेलन

**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत चंदननगर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। संघ शताब्दी वर्ष में इस वर्ष हिन्दू समाज जगह-जगह हिन्दू समागम का कार्यक्रम कर रहा है। इसी तारतम्य में प्रेम नगर विकासखंड के ग्राम चंदन नगर में हिन्दू समाज के बैनर तले हिन्दू समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरुण कुमार विभाग समरसता संयोजक कोरिया, विजय साहू खंड कार्यवाह, बबलू साहू मंडल कार्यवाह सहित ग्राम के बैगा पुजारी के द्वारा भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के उपलक्ष्य में फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ग्राम बैगा सरजु सिंह तथा मातृ शक्ति के रूप में रुक्मणी यादव का मार्गदर्शन दिया। मुख्य वक्ता अरुण कुमार द्वारा प्रभु राम के जीवन चरित्र से समरसता का पाठ के प्रसंग सुनाये। पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण के साधना कैसे हो तथा समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वर का बोध, नागरिक कर्तव्य एवं कुटुम्ब प्रबोधन से राष्ट्र चेतना का भाव जागृत हो। हिन्दू समागम कार्यक्रम का संचालन बबलू साहू द्वारा किया गया।। श्री राम पट्टी पहनाकर वरिष्ठ का सम्मान किया गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरुप पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेश बंजारा, दिलोचन सिंह, रामसुनदर उईके, धीर साय सिंह, बनवारी यादव, राजेश्वर यादव, सुखराम बंजारा, कमलेश सिंह, राजकमल, राजकुमार, जितेन्द्र, खुलेशवर, विनय, संतोष, फेकू सिंह, नन्द लाल, राजू बंजारा, जय राम, प्रदीप, शिवमंगल, धीरज, मेघन, आसाराम, धीर साय, लक्ष्मण, शिवबरन, बिहारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### जनचेतना कल्याण संघ के अध्यक्ष ने 101 जरूरतमंदों का बांटे गर्म कपड़े



**रामानुजगंज।** संभाग में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। ठंड से सबसे अधिक परेशानी गरीब, असहाय और बेसहारा तबके के लोग हो रहे है। ऐसे कठिन समय में समाजसेवी संस्था जनचेतना कल्याण मंच ने एक बार फिर संवेदना और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए जरूरतमंदों के बीच राहत पहुंचाई है। जनचेतना कल्याण मंच द्वारा शीतलहर को देखते हुए आज रामानुजगंज स्थित वार्ड क्रमांक 13 में गर्म कपड़ों का वितरण किया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के तहत 101 जरूरतमंदों लोगों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सहायता करना केवल सेवा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। संस्था आगे भी इसी तरह जरूरतमंदों के बीच राहत कार्य जारी रखेगी। इस अवसर पर यशपाल दुबे, मनोज तिवारी, विकास केसरी, उज्जवल तिवारी, विष्णु पांडेय, पीयूष गुप्ता, सलाम मंसूरी, अजय केवट सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## टोली बनाकर एक दूसरे के गांव देते है प्रस्तुति

# धान कटाई के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सुआ-शैला नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में सुआ, सैला नृत्य की धूम मची है। खेती किसानी का काम समाप्त हो जाने पर ग्रामीण नई धान फसल की कटाई के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गर्व के साथ यह उत्सव मना रहे हैं। मनोरंजन के लिए एक दूसरे के गांव में टोली में पहुंच मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते है। परंपरानुसार ग्रामीण गांव में पहुंचे टोली को धान, चावल एवं यथासंभव राशि देकर सम्मानित करते है। इस तरह के आयोजन से जिले के गांव में उत्साह का माहौल हैं।

**खास बात**

■ ग्रामीण नतक दलों को करते है यथा संभव मदद

जिले में सुआ शैला नृत्य की अपनी ही अलग पहचान है जो गांव में साल में एक ही बार जब खेती-किसानी का कार्य पूरा हो जाने के बाद किसान उत्साह में टोली बनाकर कर एक दूसरे के गांव में जानकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देते है। इन दिनो भी गांव में शैला नृत्य की धूम है। इस अवसर पर गांव-गांव में छोटे-छोटे बच्चे और युवतियां टोकरी सुआ टोकरी लेकर घर-घर जाती हैं। वे पारंपरिक लोकगीत गाते हुए सुआ नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इन गीतों और नृत्यों के माध्यम से वे गांव की समृद्धि, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना करते हैं। ग्रामीण भी पूरे उत्साह के साथ इस परंपरा में भाग लेते हैं। लोग बच्चों को पैसे, धान और अन्य उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाते हैं। सुआ नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह सरगुजा की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। यह लोक परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है, जो बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और जुड़ाव पैदा करती है। सुआ नृत्य के साथ मनाया जाने वाला यह धान कटाई उत्सव जिले की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। आज भी जिले के गांवों में यह परंपरा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।



सुवा नृत्य करती युवतियां।

### धान-चावल देकर करते है सम्मानित

क्षेत्र में शैला व सुआ नृतक दलों का धूम है। सरगुजा की पारंपरिक लोक नृत्य अधिकांश गांव में सुआ व सैला नृतक दलों को नृत्य करते आसानी से देखा जा सकता है। नई फसल की खुशी में फसल काटने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शैला व सुआ नृतक दलों द्वारा आसपास के गांव में घर घर जा कर नृत्य का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके बदले शैला व सुआ नृतक दलों को धान- अनाज देकर ग्रामीण सम्मानित करते है। यह सुआ व शैला नृत्य लगभग महीना भर से लगातार चलता है। शैला व सुआ नृत्य की समाप्ति के पश्चात गांव में सभी लोग मिलकर एक साथ भोजन करते हैं जिसमें आसपास के गांव के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया जाता है जिससे आपसी भाईचारा, एक दूसरे के साथ प्रेम बना रहता है। ये परंपरा सदियों से चला आ रहा है।

### गांव में उत्सव का माहौल

लखनपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, लहपटरा, पतराटोली, रजपुरी कला, भरतपुर, गणेशपुर, बिनकरा, नवापारा, जमगला सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों फसल कटाई उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बच्चों और युवतियों की टोली द्वारा पारंपरिक गीत-संगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल है। यह पारंपरिक उत्सव क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है गांवों में नई फसल के आगमन की खुशी में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं और सामूहिक रूप से उत्सव में भाग लेते हैं।



## केबीसी की हॉट सीट तक पहुंची शहर की विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के दरिमा उमावि में पदस्थ शिक्षिका ने बड़ी उपलब्धि हासिल करने के साथ जिले का मान बढाया है। शिक्षिका विभा चौबे कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। विभा चौबे ना सिर्फ केबीसी के मंच पर पहुंची बल्कि वे अमिताभ बच्चन के साथ गेम खेलती हुई नजर आएंगी। केबीसी द्वारा इसका प्रोमो जारी भी कर दिया गया है जिसमें विभा चौबे अमिताभ बच्चन के सवालों का सामना करती नजर आ रही है।

■ अमिताभ बच्चन के साथ आएंगी नजर, दरिमा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में है पदस्थ

बता दें कि सरगुजा के दरिमा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर पदस्थ श्रीमती विभा चौबे ने कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल की है। केबीसी द्वारा शो का पहला प्रोमो जारी किया गया है जिसमें विभा चौबे अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर सवालों के जवाब देते हुए नजर आ रही है। उनका यह एपिसोड 31 दिसंबर और 1 जनवरी को टीवी पर आएगा। बच्चों को पढ़ाते पढ़ाते सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से मिलने और हॉट सीट तक पहुंचने के अपने सफर को लेकर विभा चौबे ने बताया कि जब से केबीसी की शुरुआत हुई है तब से वे यहां जाने की तैयारी कर रही थी। स्कूल की ड्यूटी और घर परिवार को संभालते हुए उन्होंने अपनी तैयारी की। विभा चौबे के पति प्रमेंद्र चौबे भी मैनपाट मिडिल स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। पति और परिवार के लोगों इस सफर में उनका हर कदम पर साथ दिया जिससे वे इस मंच तक पहुंच पाई और सरगुजा का नाम देशभर में रौशन किया। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ ही शिक्षा विभाग व शिक्षकों में भी हर्ष का माहौल है।

## साप्ताहिक बाजार में गिरे रूपए ईमानदारी के बीच ठगी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान गांधी मैदान स्थित सब्जी बाजार में रविवार दोपहर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। बाजार में भारी भीड़भाड़ के बीच सेवानिवृत्त प्राचार्य एपी. सिंह से भूलवश 10 हजार रुपए गिर गए। इसी बीच कुछ रूपए पटवारी व सब्जी विक्रेता को मिल जिस पर दोनों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए रूपए मालिक को देने का प्रयास किया था एक युवक ने रूपए अपना बताकर ठगी कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार एपी. सिंह किसी को पैसे देने के लिए 10 हजार रुपये निकाल रहे थे। इसी दौरान उनके हाथ से पैसे गिर गए और वे कुछ आगे बढ़ गए। इसी बीच मौके पर मौजूद एक पटवारी को लगभग 2 हजार मिले। पटवारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए आसपास के लोगों से पूछना शुरू किया लेकिन रुपए के मालिक का पता नहीं चला। इसी बीच एक सब्जी विक्रेता को भी वहीं गिरे हुए कुछ रुपये मिले। उसने भी रुपये उठाकर लोगों से पूछताछ शुरू की। पटवारी और सब्जी विक्रेता दोनों ने मिलकर पैसे के असली मालिक को वापस देने के लिए तलाश करने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और स्वयं को पैसे का मालिक बताते हुए चालाकी से लोगों को भ्रमित कर रुपये ले गया। बाद में जब वास्तविक स्थिति सामने आई तो मौजूद लोगों को ठगी का एहसास हुआ। घटना के समय मौजूद पटवारी, सब्जी विक्रेता, शिक्षक एवं अन्य लोगों ने बताया कि यदि वह युवक दोबारा नजर आता है तो उसे पहचान लिया जाएगा। फिलहाल युवक की तलाश जारी है। इस घटना के बावजूद पटवारी और सब्जी विक्रेता की ईमानदारी की स्थानीय स्तर पर सराहना की उन्होंने सही मालिक तक पैसा पहुंचाने का प्रयास किया। परंतु सफल नहीं हो सके।

### मवेशी तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 नग मवेशी बरामद करने के साथ ही पिकअप जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह 5 बजे बांकी डेम के पास घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 17 जेड 2975 को रोककर उसकी तलाशी ली तो अंदर 13 नग मवेशी बरामद किए गये। मौके पर एक मवेशी की मौत हो गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी जशपुर जिले के लोदाम साईं टांगर टोली निवासी 24 वर्षीय चालक हैय्युल खान उर्फ हैलू आ. खलील खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना लेकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को छग पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 व पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## पीसीबी फुटबॉल टूर्नामेंट में साल्ही टीम ने मारी बाजी, जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरआरवीयूएनएल द्वारा आयोजित द्वितीय पीसीबी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन साल्ही खेल मैदान में हुआ। 11 दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में 16 टीमों के 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। फाइनल मुकाबला साल्ही और मेन्ड्रा टीम के बीच खेला गया, जिसमें साल्ही टीम ने रोमांचक संघर्ष के बाद 3–2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। निर्णायक गोल बालसाई ने किया। विजेता साल्ही टीम को 61 हजार नकद राशि और पीसीबी ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता मेन्ड्रा टीम को 41 हजार नकद पुरस्कार और रनर-अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फाइनल मैच को देखने के लिए घाटबर्रा, परसा, बासेन, शिवनगर, जनार्दनपुर, तारा और फतेहपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। मैच के बाद ग्राम साल्ही की बालिकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर समापन समारोह को और आकर्षक बनाया। खिलाड़ियों को ड्रेस और फुटबॉल किट भी वितरित की गईं। इस दौरान मुकेश कुमार, श्रीमती रैमुनिया करियाम,श्रवण वरकड़े, राम द्विवेदी, अमित तिवारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


## महान नदी में हाथियों की अठखेलियां बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली महान नदी में हाथियों के अठखेलियां करते हुए वायरल वीडियो इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि कई हाथियों का एक बड़ा झुंड बीते कुछ दिनों से प्रतापपुर वन परिक्षेत्र और आसपास के गांवों के निकट देखा जा रहा है।

■ वीडियो वायरल, ग्रामीणों में उत्सुकता के साथ सतर्कता

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार झुंड में एक विशाल दंतैल हाथी भी शामिल है, जिसे दिन के समय नदी के पानी में नहाते और मौज-मस्ती करते देखा गया। कुछ हाथी नदी के एक किनारे मौजूद हैं तो कुछ दूसरी ओर विचरण करते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य इतना मनमोहक है कि लोग मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि ठंड के मौसम में स्नान करने नदी में उतर आए हैं, तो कोई आशंका जता रहा है कि रात के समय हाथियों की आवाजाही से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड गांव की ओर न बढ़े, इसके लिए वे अपने स्तर पर सावधानी बरत रहे हैं और हाथियों को भगाने का प्रयास भी कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी कराई जा रही है और लोगों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। विभाग ने ग्रामीणों से कहा है कि हाथियों को छेड़ें नहीं, उनके रास्ते में बाधा न बनें और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें।



## नाम परिवर्तन सूचना

मैं फुलसाय आ. श्री रामप्रसाद, उम्र 35 वर्ष, जाति माझी निवासी ग्राम कडराजा थाना कमलेश्वरपुर तहसील मैनपाट जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र आदित्य राज जिसका वास्तविक नाम है तथा मेरे पुत्र के सभी शासकीय तथा अर्धशासकीय दस्तावेजो में अंकित है तथा मेरे पुत्र के शिक्षा प्रमाण पत्र में भी अंकित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटि वश मेरे पुत्र का नाम अशवीन कुमार अंकित हो गया है जो कि मेरे पुत्र का घरेलू पुकारू नाम है तथा मेरे पुत्र का आधार कार्ड क्र.-334881598805 है। आदित्य राज तथा अशवीन कुमार उपरोक्त दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मेरा पुत्र है। मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में सुधार कराते हुए अपने पुत्र का नाम अशवीन कुमार के स्थान पर आदित्य राज अंकित कराना चाहता हूं जो कि सत्य व सही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
फुलसाय
आ. श्री रामप्रसाद
निवासी-ग्राम कडराजा थाना कमलेश्वरपुर तहसील मैनपाट जिला-सरगुजा (छ.ग.)



### ग्राम कर्रा में किया गया हिन्दू सम्मेलन

**राजपुर।** ग्राम कर्रा स्थित शिव मंदिर ग्राउंड में मंगलवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में हिंदू एकता, स्वदेशी चिंतन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर संदेश दिया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता स्वामी परमात्मानंद गिरी महाराज ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में पंच परिवर्तन के अंतर्गत परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का आग्रह तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी संस्कृति, संस्कार और सामूहिक एकता में निहित है। परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज को अपने पारिवारिक रिश्तों और संस्कारों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने हिंदू परिवारों से अधिक संतानों के पालन-पोषण का आह्वान करते हुए समाज को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान गंगा राम यादव, श्रीमती पुष्पा भगत, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, शिवनाथ यादव, संजय सिंह, जपं अध्यक्ष विनय भगत, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, जगवंसी यादव, मनोज बंसल, प्रदीप जायसवाल, संतोष पाण्डेय, उदय यादव सहित अन्य अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मंच पर मौजूद रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.ए.बी. (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. एस.सी.ई (गैस्ट्रो)
श्वस,छाती,एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराँफ MBBS,MD (Medicine) DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.विकाश गोयल MD,Med.DM Haematology
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ.देवान्श मिश्रा MBBS,MS (General Surgery) M.Ch. (Neurosurgery)
28 दिसम्बर 2025, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -20 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.संदीप गुप्ता शहर के बेस्ट डॉक्टर्स की टीम के साथ
MBBS, DCH(Mumbai)
नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
चिकित्सक - वाडिया चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई
20 बेड का अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हॉस्पिटल
ICU NICU ऑपरेशन थिएटर जनरल वार्ड
उपलब्ध सुविधाएं • पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी • क्रिटिकल केयर यूनिट • अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर • प्राइवेट वार्ड • जनरल वार्ड
नार्मल, सिजेरियन डिलेवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया हाइड्रोसिल, पथरी एवं समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें। 07774-319760, 8602490055, 6263860055

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 21 दिसम्बर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555


क्रिसमस एवं नववर्ष की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
डॉ.अजय तिर्की
पूर्व महापौर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. ए.के. दुबे
बी.डी.एस (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
एम.बी.ए (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि नं. - 277/A
Email: anujdubey@gmail.com
डॉ. अंकित दुबे
बी.डी.एस (ग्वालियर)
दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि नं. - CGDC/G/20/3345
Email: dankit040@gmail.com
पता: मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
ISO9001-2015
श्योर स्माइल
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेंटर, मो.- 09179880085, 09407995721
समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद


समस्त क्षेत्रवासियों को क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विशप
विशप अन्तोनिस बड़ा
व्हीकर जनरल
फा. विलियम उरें
पल्ली पुरोहित
फा. जॉर्ज ग्रे कुजूर
बिशप हाउस नवापारा, अम्बिकापुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
इंजी.राजेन्द्र तिग्गा
श्रीमती सोसन तिग्गा
इंजी ऋतिक राज तिग्गा
वीरेंद्र कुमार टोप्पो
डॉ.जुगल किशोर कुजूर
सुमन एक्का
इंजी.अमित टोप्पो
राजेश तिग्गा
आशीष एक्का


क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
HOTEL SUBANI
URBAN रसोई
अमन टोप्पो
रेलवे स्टेशन, अम्बिकापुर


क्रिसमस एवं नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
शिव टोप्पो
पटवारी
अजिरमा, भगवानपुर खुर्द जिला - सरगुजा


MERRY CHRISTMAS
AND HAPPY NEW YEAR
2026
संगम
डेली नीड्स एवं बेकरी
बेकरी
नमकीन
स्वीट्स
रेस्टोरेंट
चायनिज
साउथ इंडियन
आइसक्रीम
पिज्जा
केक
शुद्ध शाकाहारी केक
देसी घी की मिठाईयां
बनारस रोड पीजी कॉलेज ग्राउंड के सामने अंबिकापुर सरगुजा (छ.ग.), मो. 9826760542

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, महिला गंभीर

**अम्बिकापुर।** ग्राम कैपसेला पुलिया के समीप धान लोड ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक युवक की मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप घायल हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम कोबडी बथान निवासी लालदेव राम आ. सोहरई (22 वर्ष) गत दिन ग्राम कोरजा कोना निवासी दुर्गा बाई को बाइक में बैठाकर ग्राम कैपसेला की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कैपसेला पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे धान लोड ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि महिला का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** परिजन के मजदूरी करने जाने के दौरान युवक ने घर में अज्ञात कारण से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी जाधिर तिर्की आ. हरिराम (28 वर्ष) गत दिन परिजन मजदूरी करने गए जिससे युवक घर में अकेला था। शाम को परिजन मजदूरी कर घर लौटे तो देखा युवक फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना को देख परिजन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वहीं घटना की सूचना लोगों ने गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। युवक ने किस कारण फांसी लगाई उसका पता नहीं चला सका। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### उपार्जन केंद्रों में नहीं बची धान रखने की जगह

# धान का उठाव नहीं होने से किसानों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राइस मिलर सहकारी समितियों में उपार्जित धान के उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं जिससे उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रभावित हो रही है। समितियों में धान लेकर पहुंचने वाले किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। धान उठाव की यही स्थिति रही तो एक दो दिन में खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बातें**

- भविष्य में बढ़ेगी समस्या
- खरीदे गए धान को हटाने के बाद दूसरे किसानों को मौका

सहकारी समितियों में अपनी उपज बेचने हर दिन बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे है। रबी फसल की बनाई करने के पूर्व किसान अपनी उपज जल्द बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सहकारी समितियों द्वारा भी खरीदी तेज कर दी गई है। प्रारंभ में धान की खरीदी धीमी रफ्तार से चल रही थी लेकिन अब जमकर खरीदी हो रही है तथा समितियों में धान का अंबार लग गया है। समिति प्रबंधक परेशानी को देखते हुए लगातार धान उठाव मांग कर रहे है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक की स्थिति से अवगत कराने के साथ ही प्रबंधक प्रशासनिक अधिकारियों को भी धान का उठाव कराने ज्ञापन सौंप रहे हैं लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आ सका है। कई उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दो गुना से भी अधिक धान जमा हो गया है। इधर विपणन संघ ने राइस मिलरों को धान उठाव का डीओ जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। मिलर भविष्य में रूचि नहीं रहे है जिससे सहकारी समितियों की परेशानी बढ़ते जा रही है। सरगुजा में अब 10 लाख 3 हजार 755 क्विंटल, बलरामपुर में 8 लाख 38 हजार 698 क्विंटल एवं सूरजपुर में 11 लाख 45 हजार 117 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जबकि सरगुजा की समितियों से 33980, बलरामपुर से 6280 क्विंटल एवं सूरजपुर की समिति से मात्र 10720 क्विंटल धान का उठाव हो सका है। इस बार विपणन संघ द्वारा काफी विलम्ब से धान उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसके कारण आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित होने के साथ ही संग्रहित धान के भी खराब होने की संभावना जताई जा रही है।


खरीदी केन्द्र में अपनी बारी आने का इंतजार करते किसान।

### पिछले साल 30 फीसदी धान का उठाव

को-आपरेटिव बैंक के अधिकारियों के अनुसार सरगुजा में अब तक खरीदे गए धान को मात्र 3.39 फीसदी धान का उठाव हो सका है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 30 फीसदी धान का उठाव किया गया था। बलरामपुर में अब तक धान उठाव की प्रक्रिया 0.75 फीसदी है जबकि गत वर्ष 8.75 प्रतिशत एवं सूरजपुर में इस साल हुए उठाव प्रतिशत 0.94 फीसदी की तुलना में 17 फीसदी धान का उठाव किया गया था। समिति प्रबंधकों का कहना है कि उठाव में जितना अधिक विलम्ब होगा खुले आसमान के नीचे रखे धान में अधिक सूखता आएगी साथ ही धान की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। बेमौसम बारिश होने की स्थिति में भीगने से धान खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते जिससे समिति प्रबंधको को नुकसान उठाना पड़ता है।

### इन समितियों में अम्बार

सरगुजा जिले की आधा दर्जन समितियों में क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक धान जाम पड़ा है जबकि एक दर्जन से अधिक समितियों क्षमता से दो से ढाई गुना अधिक धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। सहकारी समिति सीतापुर में 39599 क्विंटल, पेटला में 34642 क्विंटल, धौरपुर में 30519 क्विंटल, अमदला में 30596 क्विंटल, जबकि अमल भिट्ठी, कुन्नी, केरजू, गेरसा, चांदो, निम्हा, प्रतापगढ़, बटईकेला, भूषू, लखनपुर आदि में 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम हो गया है। इसी तरह बलरामपुर अंतर्गत सहकारी समिति कामेश्वरनगर, राजपुर, चांदो, जमड़ी डिण्डो, त्रिकुण्डा एवं सूरजपुर अंतर्गत उमेश्वरपुर, उमापुर, कन्दरई, कल्याणपुर, गणेशपुर सहित अन्य केन्द्रों में धान का पहाड़ खड़ा हो गया है। उपार्जन केन्द्र शिव प्रसाद नगर 42 हजार क्विंटल जाम पड़ा है।

### खरीदी हो रही प्रभावित

उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है तथा किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बैंक धान उठाव के लिए विपणन संघ से लगातार पत्राचार कर रहा है। जल्द उठाव नहीं हुआ तो खरीदी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

-बाल कृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी को-ऑपरेटिव बैंक

## मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने डीआरएम से की मुलाकात,समस्याओं से कराया अवगत



**बिश्रामपुर।** साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के मण्डल समन्वयक विजय अग्निहोत्री,जोनल कोषाध्यक्ष साईं किरण (चंदू) एवं डी आरएम कार्यालय ब्रांच सचिव राणा नंदी के साथ बिलासपुर मण्डल के नवपदस्थ मण्डल रेल प्रबन्धक राकेश रंजन के बिलासपुर डीआरएम पद पर पदभार संभालने पर मजदूर कांग्रेस की तरफ़ से स्वागत कर शुभकामनाएं बधाई दी गई,रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि इस बैठक में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा भी मौजूद थे,उक्त भेंट में कर्मचारियों से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्यतः मेडिकल विभाग से सम्बन्धित विषय जैसे कोरबा,बृजराजनगर एवं उमरिया में मेडिकल सुविधा ना होने के कारण अन्य निजी अस्पतालों के साथ टाई अप करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं लोको पायलट,सहायक लोको पायलट, सीनियर टेक्नीशियन, ट्रैक मेंटेनर के पदोन्नति एवं साथ में वाणिज्य विभाग के सीसीटीसी के पदोन्नति को भी 31 दिसम्बर 2025 के पूर्व लागू करने हेतु बात की गई, मण्डल रेल प्रबंधक से अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई,उक्त मुद्दों पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया,उक्त जानकारी रेलवे मजदूर के ब्रांच सेक्रेट्री पप्पू सिंह ने दी है।



## 30 नए आरक्षकों को एसएसपी ने दिया नियुक्ति प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस विभाग में नवनियुक्त 30 आरक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। कलेक्टर की मौजूदगी में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने 23 दिसम्बर को कार्यक्रम आयोजित कर सभी को नियुक्ति आदेश एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया। नव आरक्षकों की भर्ती आरक्षक संवर्ग वर्ष 2023-24 के तहत हुई है। अभ्यर्थियों ने जिला पुलिस बल सूरजपुर में आरक्षक जीडी के पद पर ज्वाइनिंग दर्ज कराई। इस अवसर पर कलेक्टर व एसएसपी ने नव आरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ उत्कृष्ट कार्य करने का संदेश दिया।

नव नियुक्त आरक्षकों में महेन्द्र कुमार ग्राम गोंदा, संजय पैंकरा ग्राम रांई, संदीप सिंह ग्राम खोरमा, फलेश्वर राजवाड़े, ग्राम पेण्डरी, संगीता मार्को ग्राम अभयपुर, राजकुमार ग्राम कंदरई, भुवनकांत रायल बड़कापारा, पुनिता सिरदार ग्राम गोपालपुर, चंदा ग्राम शिवनंदनपुर, विवेक गुप्ता ग्राम दर्रीपारा, नम्रता कुशवाहा ग्राम खोरमा, सुषमा ग्राम महेशपुर, गायत्री राजवाड़े ग्राम तेलाईकछार, सोहन सिंह ग्राम बड़सरा, सुरेन्द्र कुमार पैंकरा ग्राम देवीपुर, देवेन्द्र ग्राम कांसापारा, राना सिंह ग्राम मोरभंज, पूर्णिमा ग्राम कुसमुसी, बगर साय ग्राम मानपुर, छाया पैंकरा ग्राम टईया, त्रिनेश्वर सिंह ग्राम गंगोटी, दामोदर ग्राम डुमरिया, अरूण कुमार सिंह ग्राम कंदरई, नर्मदा सिंह ग्राम सतपता, रवि सिंह ग्राम डेडरी, अजय पैंकरा गाम खजुरी, सुनिता सिंह ग्राम टुकूडांड, अविनाश कुमार ग्राम केंवरा, शोभा ग्राम गेतरा, लता भारती ग्राम गांगीकोट शामिल है।





